[This question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No...............

Sr. No. of Question Paper : 2092 **H**

Unique Paper Code : 62051404

Name of the Paper : Hindi – A

Name of the Course : B.A. Prog.

Semester : IV

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (10,10)

(क) ऐसे-ऐसे सवाल पूछते कि आजकल लाहौर का क्या है? अनारकली में अब पहले जितनी रौनक होती है या नहीं? सुना है, शहालमीगेट का बाजार पूरा नया बना है? वहां का रिश्वतपुरा क्या वाकई रिश्वत के पैसे बना है? ... कहते हैं, पाकिस्तान में अब बुरका बिलकुल उड गया है, यह ठीक है? इन सवालों में

P.T.O.

इतनी आत्मीयता झलकती थी कि लगता था, लाहौर एक शहर नहीं, हजारों लोगों का सगा-संबंधी है.

अथवा

कितने ही लोग जिन्हें कोई पूछता भी न था, हमारे ही बनाए बडे आदमी बन गये और अब मोटरों पर निकलते हैं और हमें नीच समझते हैं। यह लोगों की तकदीर की खूबी है कि जिसकी जरा बढती हुई और उसने हमसे आंखें फेरी, हमारा बडा आदमी तो वही है, जो लंगोटी बांधे नंगे पांव घूमता है, जो हमारी दशा को सुधारने के लिए अपनी जान हथेली पर लिए फिरता है और हमें किसी बडे आदमी की परवाह नहीं है। सच पूछो तो इन बडे आदमियों ने ही हमारी मिट्टी खराब कर रखी ह। इन्हें सरकार ने कोई अच्छी-सी जगह दे दी, बस उसका दम भरने लगे।

(ख) किसी भाव के अच्छे या बुरे होने का निश्चय अधिकतर उसकी प्रवृत्ति के शुभ या अशुभ परिणाम के विचार से होता है। वही उत्साह जो कर्त्तव्य कर्मों के प्रति इतना सुंदर दिखाई पडता है, अकर्त्तव्य कर्मों की ओर होने पर वैसा श्लाघ्य नहीं प्रतीत होता। आत्म-रक्षा, पर-रक्षा, देश-रक्षा आदि के निमित्त साहस की जो उमंग दिखाई देती है उसके सौंदर्य को परपीडन, डकैती आदि कर्मों का साहस कभी नहीं पहुंच सकता।

**अथवा**

एक टका दो, इम अभी अपनी जाल बेचते हैं।
टके के वास्ते ब्राह्मण ने धोबी हो जाएं
और धोबी को ब्राह्मण कर दें।
टके के वास्ते जैसी कहो वैसी व्यवस्था दें।
टके के वास्ते झूठ को सच करें।
टके के वास्ते ब्राह्मण से मुसलमान,
टके के वास्ते हिंदू से क्रिस्तान।

2. निबंध का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। (12)

**अथवा**

नाटक के विकास का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

3. मलबे का मालिक कहानी विभाजन की त्रासदी को प्रस्तुत करती है, स्पष्ट कीजिए। (12)

**अथवा**

मैं हार गई कहानी का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

4. अशोक के फूल निबंध का प्रतिपाद्य लिखिए। (12)

**अथवा**

उत्साह निबंध का सार अपने शब्दों में लिखिए।

5. भोलाराम का जीव में लेखक क्या संदेश देना चाहता है? स्पष्ट कीजिए। (12)

**अथवा**

अंधेर नगरी का सार अपने शब्दों में लिखिए।

6. एक पर टिप्पणी लिखिए : (7)

(क) एकांकी का स्वरूप

(ख) जीवनी की विशेषताएं